

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल पंप पर स्कूटर सवार बदमाश ने रुपयों से भरे बैग पर किया हाथ साफ

**संवाददाता** देहरादून। रायपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप में स्कूटर सवार बदमाश ने रुपयों से भरे बैग पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से स्कूटर सवार युवक के बारे में जानकारी हासिल की है। रायपुर थाना प्रभारी अमरजीत सिंह रावत ने बताया कि लाडपुर स्थित कान्हा फ्यूल सेंटर में बुधवार को कर्मचारी काम पर व्यस्त थे। इसी दौरान कर्मचारी ने पेट्रोल बिक्री के बाद कैश को बैग में रखकर फीलिंग मशीन पर लटका रखा था। करीब दस बजे कर्मचारियों ने देखा कि वहां रखा बैग गायब है। इससे वहां हड़कंप मच गया।

### दस साल बाद निगम के फ्लैट के लिए 56 लोगों की निकली लाटरी

**संवाददाता** देहरादून। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के तहत बेसिक सर्वे टू अर्बन पुअर बीएनयूपी योजना के तहत ब्रह्मपुरी में 56 आवासों की लॉटरी के लिए नगर निगम में ड्रॉ निकाला गया। करीब 10 साल पहले इस आवासीय योजना की डीपीआर तैयार की गई थी। उसी समय मलिन बस्तियों में रहने वालों से आवेदन मांगे गए थे।

### सीएए से किसी का अहित नहीं: चमोली

**संवाददाता** देहरादून। केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम के कारण देश के किसी भी व्यक्ति का अहित नहीं होने वाला है। धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने देहरा खास में 3 किलोमीटर नाली के शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा है कि कुछ लोग समाज में विशेषकर एक समुदाय में भ्रम फैला रहे हैं।

# उत्तराखण्ड भवन में दो कमरे रोगियों के तीमारदारों के लिए आरक्षित: मुख्यमंत्री

**शुभारम्भ**

भगत सिंह कोश्यारी एवं त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने नवी मुम्बई में ''उत्तराखण्ड भवन'' का किया लोकार्पण

मुम्बई/देहरादून। **संवाददाता**।

राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी और मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को नवी मुम्बई में संयुक्त रूप से राज्य अतिथि गृह एवं एम्पोरियम ''उत्तराखण्ड भवन'' का लोकार्पण किया।

राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी ने उत्तराखण्ड भवन के निर्माण के लिए उत्तराखण्ड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने मकर सक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश द्रुत गति से प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में उत्तराखण्ड राज्य आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऑल वेदर रोड व हवाई सेवा के विकास से कनेक्टिविटी में



उत्तराखण्ड भवन का लोकार्पण करते राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी और मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड त्रिवेन्द्र सिंह रावत।

सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अपने गाँवों से जुड़े रहने से हम अपनी संस्कृति को भी संरक्षित रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति का वरदान प्राप्त है।

उत्तराखण्ड गंगा–यमुना जैसी पावन नदियों का प्रदेश है। उन्होंने कहा कि मराठी और उत्तराखण्ड की भाषा में भी समानता है, जो हमें एकत्व का बोध कराती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में दोनों राज्यों के लोगों को एक दूसरे की संस्कृति को निकट से जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि मकर सक्रांति के पावन पर्व पर उत्तराखण्ड भवन का लोकार्पण व शुभारम्भ उत्तराखण्ड व महाराष्ट्र के लिए सांस्कृतिक व आर्थिक क्षेत्र में एक नई क्रान्ति का प्रारम्भ है।

मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि मकरैण पर्व के अवसर पर लोकार्पित उत्तराखण्ड भवन निश्चित रूप से राज्य के सम्मान का प्रतीक साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड भवन के द्वार प्रदेश व प्रदेश के बाहर के लोगों के लिए सदैव खुले रहेंगे। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि उत्तराखण्ड भवन में दो कमरे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के रोगियों के तीमारदारों के लिए आरक्षित रहेंगे। उत्तराखण्ड भवन में उत्तराखण्ड के उत्पाद भी उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, पर्यटकों एवं निवेशकों की सहायता हेतु इनमें कार्यालय स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखण्ड की ओर फिल्म इंडस्ट्री का रूझान बढ़ा है। उत्तराखण्ड को हाल ही में बेस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट का अवार्ड प्राप्त हुआ है।

### इनवेस्टर समिट के बाद 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट आये ग्राउण्ड पर: मुख्यमंत्री

**संवाददाता** मुम्बई/देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि इनवेस्टर समिट के बाद 01 लाख 84 हजार करोड़ के एमओयू साईन किए गए जिसमें से 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट ग्राउण्ड पर आ चुके हैं इससे लगभग 50 हजार लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। राज्य में चीड़ से बिजली उत्पादन के 37 प्रोजेक्ट प्रारम्भ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। राज्य सरकार एडवेंचर टूरिज्म में बढ़ावा देने के लिए इससे सम्बन्धित अलग से विभाग बनाने जा रही है। प्रदेश में नये पर्यटन क्षेत्रों के विकास के लिए 13 डिस्ट्रिक्ट 13 न्यू डेस्टिनेशन योजना पर कार्य कर रही है। एयर कनेक्टिविटी के विकास पर भी कार्य किया जा रहा है। सीमान्त क्षेत्रों के विकास के लिए मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना लायी जा रही है। इसके अन्तर्गत प्रदेश के 27 सीमान्त विकासखण्डों के विकास के लिए कार्य किया जाएगा। इससे सीमान्त क्षेत्रों से पलायन को रोकने में सहायता मिलेगी। ऊन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ऑस्ट्रेलिया से मरीनो भेड़ें लायी गयी हैं, ताकि पशुपालन से जुड़े किसानों को अधिक लाभ हो सके।

### रांझावाला में मोबाइल स्टोर संचालक का बैग लेकर फरार

**संवाददाता** देहरादून। बाइक सवार तीन बदमाश मोबाइल स्टोर संचालक का रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। तहरीर मिलने पर रायपुर थाना पुलिस ने सोलह दिन के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। बालावाला चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि धीरज कुमार पुत्र राकेश निवासी लेन नंबर नौ देवपुरम लोअर तुनवाला का रांझावाला में मोबाइल स्टोर है। 28 दिसंबर को धीरज को किसी काम से जाना था। धीरज ने बैग में तीन मोबाइल और 27,500 रुपये रखे थे। इस बैग को धीरज ने बाइक के ऊपर रख दिया, जबकि हेलमेट लेने के चलते वह दुबारा से दुकान में दाखिल हुआ।

# देश व उत्तराखंड की परम्परा दुनियां में सर्वश्रेष्ठ

**आयोजन**

- सीएए पर प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी का आयोजन

देहरादून। **संवाददाता**

कलक्ट्रेट प्रेक्षागृह में आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा नागरिक संसोधन कानून के समर्थन में प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर उत्तराखंड बीजेपी के प्रवक्ता व राज्यमंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र



प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी पर वीरेंद्र सिंह बिष्ट व अन्य।

मोदी ने श्रेष्ठ भारत, मजबूत भारत, एक भारत व सांस्कृतिक भारत बनाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि हमारे देश व उत्तराखंड की परम्परा दुनियां में सर्वश्रेष्ठ है। हम देशवासी अतिथि देवो भव को मानने वाले लोग हैं। देश पर मर मिटने वाले नागरिकों का देश है हिंदुस्तान।

देश की आजादी के लिए यहां के लोगों ने बलिदान देकर इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। भारतीय जनता पार्टी देश को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत कर रही है।

इसी सोच को देश के दूसरे दल पचा नहीं पा रहे हैं। देश में आज कांग्रेस व दूसरे दल अपने को स्थापित करने के लिए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को तोड़ना चाहते हैं। कहा कि भारत की जनता ने जिन्हें नकार दिया है वही लोग देश में हिंसा व देश की संपत्ति को नुकसान करने का काम व देश के युवाओं को गुमराह कर रहे हैं।

नागरिक संसोधन कानून पर प्रबुद्ध नागरिकों की गोष्ठि में बोलते हुए वीरेंद्र बिष्ट ने कहा कि देश को तोड़ने वाली पार्टियों के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है। गोष्ठी में गंगोत्री के विधायक गोपाल रावत व जिलेभर के सभी समाज वर्ग से प्रबुद्ध लोगों में वकील, व्यापारी, सेवानिवृत्त शिक्षक, पत्रकार, साहित्यकार सहित कई लोग मौजूद रहे।




### अगले 48 घंटों में बारिश और बर्फबारी की संभावना

देहरादून। उत्तराखंड में दो दिन मौसम साफ रहने के बाद 16 जनवरी से फिर बारिश और बर्फबारी की संभावना है। पहाड़ों में भारी बारिश और बर्फबारी के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। बुधवार को भी प्रदेश भर में मौसम साफ रहेगा।

16 जनवरी से मौसम फिर करवट बदल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 16 और 17 जनवरी को प्रदेश भर में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 16 जनवरी को भारी भारिश होगी, वहीं 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी भी होने की संभावना है।

देहरादून, ऊधम सिंह नगर, पौड़ी, हरिद्वार के मैदानी क्षेत्रों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। 17 जनवरी को बारिश कुछ हल्की होगी, लेकिन बर्फबारी निचले इलाकों तक भी होने की संभावना है।

### महिला से ठगी

**संवाददाता** देहरादून। पांच लाख का लोन दिलाने के नाम पर महिला से पंद्रह हजार रुपये ठग लिए।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।